Final

# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2019 (ANNUAL)

**Sl. Code:- 220**

## I.Com.

## Model Set

## ACCOUNTANCY (लेखाशास्त्र)

*परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–*

***Instructions for the candidates :-***

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

   Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

   Figures in the right hand margin indicate full marks.

3. उत्तर देते समय परीक्षार्थी यथासंभव शब्द–सीमा का ध्यान रखें।

   While answering the questions, candidate should adhere to the word limit as for as practicable.

4. इस पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।

   15 minutes of extra time has been allotted for the candidate to read the questions carefully.

5. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, **खण्ड–अ** एवं **खण्ड–ब।**

   This question paper has two sections : **Section-A** and **Section-B**.

6. खण्ड–अ में 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है, इनका उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR–शीट में दिये गये सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का OMR शीट में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।)

In **Section-A**, there are 50 objective type questions which are compulsory, each carrying 1 mark. Darken the circle with black/blue ball pen against the correct option on OMR Sheet provided to you. Do not use Whitener/Liquid/Blade/Nail on OMR Sheet, otherwise the result will be treated as invalid.

7. खण्ड–ब में गैर–वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं 25 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। इसके अतिरिक्त **खण्ड–ब** में 08 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न भी दिए गए हैं, जिनमें से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 05 अंक निर्धारित हैं।

In **Section-B,** there are **Non-objective type** questions. There are 25 Short answer type questions, out of which any 15 questions are to be answered. Each question carries 2 marks. Apart from this, there are 8 Long answer type questions, out-of which any 4 of them are to be answered. Each question carries 5 marks.

8. किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक–यंत्र का इस्तेमाल वर्जित है।

Use of any electronic device is prohibited.

## खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 50 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनके साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR–शीट पर चिन्हित करें।

Question No. 1 to 50 have four options, out of which only one is correct. You have to mark correct option on the OMR-Sheet.

50x1=50

1. आय–व्यय खाता होता है :–

A. व्यक्तिगत खाता	B. वास्तविक खाता

C. नाममात्र खाता	D. इनमें से कोई नहीं

Income and Expenditure Account is :-

A. Personal A/C	B. Real A/C

C. Nominal A/C	D. None of these.

2. एक क्लब द्वारा प्राप्त आजीवन सदस्यता शुल्क को दिखाया जाता है–

A. आय व्यय खाता में

B. आर्थिक चिट्ठा में

C. रोकड़ खाते में

D. इनमें से कोई नहीं

Life membership fees received by a club is shown in :-

A. Income & Expenditure A/C

B. Balance-sheet

C. Cash A/C

D. None of these

3. वसीयत को मानना चाहिए :–

A. दायित्व

B. आयगत प्राप्ति

C. आय

D. इनमें से कोई नहीं

Legacy should be treated as :-

A. A Liability

B. A Revenue receipts

C. An income

D. None of these.

4. साझेदारी संलेख की अनुपस्थिति में साझेदार का उनके द्वारा फर्म को दी गई अग्रिम राशि पर ब्याज दिया जायेगा :–

A. 5%
B. 6%
C. 9%
D. 8%

In the absence of partnership deed, the partner will be allowed interest on the amount advance to the firm:-

A. 5%
B. 6%
C. 9%
D. 8%

5. कौन साझेदारी की विशेषता नहीं है ?

A. समझौता

B. लाभ–विभाजन

C. सीमित दायित्व

D. दो या दो से अधिक व्यक्ति

Which one is not the feature of partnership ?

A. Agreement
B. Sharing of profit

C. Limited Liability
D. Two or more than two persons

6. साझेदारी समझौते के अभाव में साझेदारों को पूँजी पर ब्याज दिया जायेगा :–

A. 8% वार्षिक
B. 6% वार्षिक

C. 9%वार्षिक
D. इनमें से कोई नहीं

In the absence of partnership deed, interest on capital will be given to the partners at:-

A. 8% p.a.
B. 6% p.a.

C. 9% p.a.
D. None of these.

7. सझेदारों की पूँजी पर ब्याज की गणना होती है :–

A. प्रारंभिक पूँजी पर
B. अन्तिम पूँजी पर

C. औसत पूँजी पर
D. इनमें से कोई नहीं

Interest on partners capital is calculated on :-

A. opening capital
B. closing capital

C. Average capital
D. None of these

8. साझेदारों की पूँजी पर देय ब्याज लिखा जाता है :–

A. लाभ–हानि खाता में
B. वसूली खाता में

C. लाभ–हानि नियोजन खाता में D. इनमें से कोई नहीं

Interest payable on the capital of the partners is recorded in :-

A. Profit & Loss A/C B. Realisation A/C

C. Profit & Loss Appropriation A/C D. None of these

9. साझेदारी अनुबन्ध में परिवर्त्तन का परिणाम है :–

A. फर्म का पुनर्गठन B. फर्म का समापन

C. फर्म का एकीकरण D. इनमें से कोइ नहीं

Change in the partnership agreement results in :-

A. Reconstitution of firm B. Dissolution of firm

C. Amalgamation of firm D. None of these

10. पुनर्मूल्यांकन खाते में क्रेडिट पक्ष के डेविट पक्ष पर आधिक्य को कहते हैं :–

A. लाभ B. हानि C. प्राप्ति D. व्यय

Excess of credit side over the debit side in Revaluation Account is a :-

A. Profit B. Loss C. Receipt D. Expense

11. पुनर्मूल्यांकन खाता या लाभ–हानि समायोजन खाता है :–

A. व्यक्तिगत खाता B. वास्तविक खाता

C. नाममात्र खाता D. कोई नहीं

Revaluation A/C or profit & loss adjustment A/C is a :-

A. Personal A/C B. Real A/C

C. Nominal A/C D. None of these.

12. पूँजी पर ब्याज को सामान्यतः मानना चाहिए :–

A. लाभ का नियोजन B. एक सम्पत्ति

C. एक व्यय D. इनमें से कोई नहीं

Generally the interest on capital is considered as :-

A. An appropriation of profit B. An Asset

C. An expense D. None of these

13. ख्याति है –

A. मूर्त सम्पत्ति B. अमूर्त सम्पत्ति

C. चालु सम्पत्ति -D. इनमें से कोई नहीं

Goodwill is :-

A. Tangible Asset B. Intangible Asset

C. Current Asset D. None of these

14. सामान्य लाभ पर औसत लाभ का आधिक्य कहलाता है :–

A. अधिलाभ B. निश्चिम लाभ

C. असामान्य लाभ D. सामान्य लाभ

The excess of average profits over the normal profit are called :-

A. Super profit B. Fixed profit

C. Abnormal profit D. Normal profit

15. व्यवसाय की प्रसिद्धि के मौद्रिक मूल्य-को कहते हैं :–

A. ख्याति B. अधिकाम C. अधिशेष D. सामान्य लाभ

The monetary value of reputation of the business is called :-

A. Goodwill B. Super profit

C. Surplus D. Normal profit

16. पुनर्मूल्यांकन पर लाभ या हानि को वहन करते हैं :–

A. पुराने साझेदार B. नये साझेदार

C. सभी साझेदार D. केवल दो साझेदार

Profit or Loss on Revaluation is borne by :-

A. Old partners B. New partners

C. All partners D. Only two partners.

17. निम्न में से कौन–सी सम्पत्ति एक नये साझेदार के प्रवेश के समय पर अनिवार्यतः पुनः मूल्यांकित किया जाता है :–

A. रहतिया B. स्थायी सम्पत्तियाँ

C. निवेश D. ख्याति

Which of the following asset is compulsorily revalued at the time of admission of a new partner:-

A. Stock B. Fixed Assets

C. Investment D. Goodwill

18. नये साझेदारी द्वारा नकद में लायी गई ख्याति कहलाती है :–

A. सम्पत्ति B. लाभ

C. प्रीमियम D. इनमें से कोई नहीं

Share of goodwill brought in cash by the new partner is called:-

A. Assets B. Profit

C. Premium D. None of these.

19. साझेदारों द्वारा फर्म का ऐच्छिक समापन किया जा सकता है :–

A. बहुमत के आधार पर B. 3/4 सदस्यों के निर्णय पर

C. 1/2 सदस्यों के निर्णय पर D. इनमें से कोई नहीं

A firm can be voluntarily dissolved by the partners :-

A. On majority basis B. On ¾ members decision

C. On ½ members decision D. None of these.

20. एक साझेदार का दिवालिया होना फर्म के किस प्रकार के समापन के अन्तर्गत आयेगा :–

A. न्यायालय द्वारा समापन

B. अनिवार्य समापन

C. किसी घटना के घटने की स्थिति में

D. इनमें से कोई नहीं

Insolvency of a partner will come under what type of dissolution of a firm?

A. Dissolution by court

B. Compulsory Dissolution

C. On happening of certain contingencies

D. None of these

21. फर्म के समापन पर सबसे अन्त में कौन–सा खाता बनाना चाहिए ?

A. वसूली खाता B. साझेदारी के पूँजी

C. बैंक खाता D. साझेदार का ऋण खाता

On firm's dissolution, which one of the following account should be prepared at the last?

A. Realisation Account B. Partners capital Account

C. Bank Account D. Partners Loan Account

22. एक साझेदारी फर्म के समापन की दशा में संदिग्ध ऋण आयोजन का हस्तांतरण किया जाता है :–

A. वसूली खाता B. साझेदारों के पूँजी खाता

C. विविध देनदार खाता D. उपर्युक्त में कोई नहीं

In the event of dissolution of a partnership firm, the provision for doubtful debts is transferred to:-

A. Realisation Account B. Partner's capital A/C

C. Sundry debtors Account D. None of the above

23. समापन की दशा में भी यदि कोई साझेदार फर्म का कोई दायित्व ग्रहण करता हैं तो डेबिट किया जाने वाला खाता है :–

A. लाभ–हानि खाता B. वसूली खाता

C. साझेदार का पूँजी खाता D. रोकड़ खाता

On dissolution, If a partner undertakes to make payment of a liability of the firm, the account to be debited is:-

A. Profit & Loss A/C

B. Realisation A/C

C. Partner's capital A/C

D. Bank Account

24. निम्न में से किसे वसूली खाते में हस्तांतरित किया जाता है :–

A. रोकड़ खाते के शेष को B. लाभ–हानि खाते के शेष को

C. लेनदारों को D. संचयों को

Which of the following is transferred to Realisation A/C:-

A. Balance of cash A/C B. Balance of P/L A/C

C. Creditors D. Reserves

25. फर्म के समापन पर वसूली खाते की हानि को किस खाते में डेबिट किया जाता है :–

A. रोकड़ खाता B. साझेदारों के पूँजी खाता

C. वसूली खाता D. इनमें से कोई नहीं

On dissolution of firm, Loss on realization account is debited to which account?-

A. Cash account B. Partner's capital account

C. Realisation account D. None of these

26. चिट्ठे में दिखाई गयी रोकड़ बाकी को समापन के समय दिखाया जाता है :–

A. वसूली खाता B. रोकड़ खाता

C. पूँजी खाता D. इनमें से कोई नहीं

Cash balance shown in the balance sheet is shown on dissolution of firm in:-

A. Realisation A/C B. Cash A/C

C. Capital A/C D. None of these

27. फर्म के विघटन पर बैक अधिविकर्ष को हस्तांतरित करेगें :–

A. रोकड़ खाता B. बैंक खाता

C. वसूली खाता D. साझेदारों के पूँजी खाता

On dissolution of a firm, Bank overdraft is transferred to:-

A. Cash A/C B. Bank A/C

C. Realisation A/C D. Partner's Capital A/C

28. समापन पर ख्याति खाता हस्तांतरित किया जाता है :–

A. साझेदारों के पूँजी खाते में

B. रोकड़ खाते के क्रेडिट पक्ष में

C. वसूली खाते के डेबिट खाते में

D. वसूली खाते के क्रेडिट पक्ष में

On dissolution, goodwill account is transferred to:-

A. Partner's capital A/c

B. Credit side of cash A/C

C. Debit side of Realisation A/C

D. Credit side of Realisation A/C

29. समापन की दशा में जब कोई साझेदार कोई सम्पत्ति लेता है तो, डेबिट किया जाता है :–

A. वसूली खाते को B. साझेदार के पूँजी खाते

C. रोकड़ खाते D. सम्पत्ति खाते को

On dissolution when a partners takes over an asset, is debited:-

A. Realisation A/C B. Partner's capital account

C. Cash account D. Asset account

30. जब गैर–अभिलेखित दायित्व का भुगतान लिया जाता है तो दर्शायेंगे :–

A. वसूली खाते के नाम पक्ष में B. बैंक खाते के नाम पक्ष में

C. वसूली खाते के जमा पक्ष में D. बैंक खाते के जमा पक्ष में

Unrecorded Liabilities when paid are shown in:-

A. Debit side of Realisation A/C

B. Debit side of Bank A/C

C. Credit side of Realisation A/C

D. Credit side of Bank A/C

31. अंश आवंटन खाता है :–

A. व्यक्तिगत खाता B. वास्तविक खाता

C. नाममात्र खाता D. इनमें से कोई नहीं

Share Allotment Account is:-

A. Personal A/C B. Real A/C

C. Nominal A/C D. None of these

32. इनमें से कम्पनी की पंजीकृत पूँजी कौन–सी है ?

A. प्रदत पूँजी B. अयाचित पूँजी

C. अधिकृत पूँजी D. निर्गमित पूँजी

Which one of the following is the registered capital of the company? :-

A. paid-up capital B. uncalled-up capital

C. authorized capital D. Issued capital

33. लाभांश सामान्यतः दिया जाता है :–

A. अधिकृत पूँजी पर B. निर्गमित पूँजी पर

C. माँगी गई पूँजी पर D. प्रदत्त पूँजी पर

Dividends are usually paid on :-

A. Authorised capital B. Issued capital

C. Called up capital D. paid-up capital

34. अंशों के निर्गमन के पूर्व कौन–सा विवरण निर्गत किया जाता है :–

A. प्रविवरण B. अन्तर्नियम

C. सीमा पार्षद नियम D. ये सभी

Which statement is issued before the issues of shares?

A. Prospectus B. Article of Association

C. Memorandum of Association D. All of these

35. ऋणपत्र है :–

A. ऋण का प्रमाण–पत्र B. नगद का प्रमाण–पत्र

C. साख का प्रमाण–पत्र D. इनमें से कोई नहीं

Debenture is a :-

A. Loan certificate B. Cash certificate

C. Credit certificate D. None of these

36. साधारण ऋण–पत्र होते हैं :–

A. सुरक्षित B. अंशतः सुरक्षित

C. असुरक्षित D. इनमें से कोई नहीं

Generally debentures are :-

A. Secured B. Party secured

C. Unsecured D. None of these

37. ऋणपत्रों पर ब्याज की दर होती है :–

A. 12% प्रति वर्ष
B. 20% प्रति वर्ष
C. निश्चित दर
D. 15%प्रति वर्ष

Rate of Interest on debenture is :-

A. 12% p.a
B. 20% p.a
C. Fixed rate
D. 15% p.a

38. पेटेन्टस् व कॉपीराइट किस श्रेणी के अन्तर्गत आते हैं :–

A. चालू सम्पत्ति
B. तरल सम्पत्ति
C. अमूर्त सम्पत्ति
D. इनमें से कोई नहीं

Patents and Copyrights fall under the category of :-

A. Current Assets
B. Liquid Assets
C. Intangible Assets
D. None of these

39. ख्याति सम्पत्ति के किस श्रेणी के अन्तर्गत आती है :–

A. चालू सम्पत्ति
B. मूर्त सम्पत्ति
C. अमूर्त सम्पत्ति
D. इनमें से कोई नहीं

Goodwill falls under which category of assets :-

A. Current Assets
B. Tangible Assets
C. Intangible Assets
D. None of these

40. प्रारंभिक व्यय चिट्ठे में किस शीर्षक के अधीन दर्शाया जाता है :–

A. स्थायी सम्पत्तियाँ  B. संचय एवं अधिशेष

C. ऋण एवं अग्रिम  D. इनमें से कोई नहीं

Preliminary expenses are shown in the Balance sheet under which head? -

A. Fixed Assets  B. Reserve and Surplus

C. Loans & Advances  D. None of these

41. एक व्यावसायिक उद्यम के वित्तीय विवरण में सम्मिलित होते हैं :–

A. चिट्ठा  B. लाभ–हानि खाता

C. रोकड़ प्रवाह विवरण  D. उपरोक्त सभी

The financial statements of a business enterprise include :-

A. Balance-sheet  B. P/L account

C. Cash flow statement  D. All of the above

42. संचालकों की रिपोर्ट कम्पनी की किस सभा में प्रस्तुत की जाती है :–

A. संचालकों की सभा  B. वार्षिक साधारण सभा

C. प्रबंधकों की सभा  D. उपरोक्त सभी

In which meeting of company directors report is presented?

A. Director's meeting  B. Annual General meeting

C. Manager's meeting  D. All of the above

43. निम्न में से कौन सी वित्तीय विवरण की सीमाा है ?

A. दिखावटीपन | B. मूल्यांकन का आधार

C. शुद्धता की कमी | D. उपरोक्त सभी

Which of the following is limitation of financial analysis ?

A. Window - dressing | B. Basis of Valuation

C. Lack of Accuracy | D. All the above

44. शब्द ''चालु दायित्व'' मे शामिल नहीं होता हे :–

A. विविध लेनदार | B. ऋण–पत्र

C. देय बिल | D. अदत्त व्यय

The term "Current Liabilities" does not include :-

A. Sundry Creditors | B. Debentures

C. Bills payable | D. O/S expenses

45. तरल अनुपात को नाम से भी जाना जाता है :–

A. चालु अनुपात | B. शीघ्र अनुपात

C. पूँजी अनुपात | D. इनमें से कोई नहीं

Liquid Ratio is also known as :-

A. Current Ratio | B. Quick Ratio

C. Capital Ratio | D. None of these

46. ऋण–समता अनुपात हे :–

A. तरलता अनुपात
B. क्रियाशीलता अनुपात
C. शोधन क्षमता अनुपात
D. संचालन अनुपात

Debt-Equity Ratio is :-

A. Liquidity Ratiio
B. Activity Ratio
C. Solvency Ratio
D. Operating Ratio

47. निम्न में से कौन–सा गैर–संचालन व्यय है :–

A. किराया
B. विक्री व्यय
C. मजदूरी
D. मशीन विक्री पर हानि

Which of the following is non-operating expense :-

A. Rent
B. Selling expense
C. Wages
D. Loss on sale of machinery

48. सकल लाभ अनुपात, सकल लाभ के साथ किसका अनुपात है :–

A. शुद्ध नकद विक्री
B. शुद्ध उधार विक्री
C. अन्तिम रहतिया
D. शुद्ध कुल विक्री

The gross profit ratio is the ratio of gross profit to -

A. Net cash sale
B. Net credit sale
C. Closing stook
D. Net total sale

49. कौन–सी क्रिया संचालन क्रिया के अन्तर्गत आती है :–

A. भूमि का क्रय

B. ऋणपत्रों का निर्गमन

C. समता अंशों का निर्गमन

D. नगद बिक्री

Which activity comes under "Operating Activities" :-

A. Purchase of Land

B. Issue of Debenturs

C. Issue of Equity share

D. Cash Sales

50. निम्न में से कौन–सा रोकड़ का अन्तर्वाह नहीं है ?

A. स्थायी सम्पत्ति का विक्रय

B. स्थायी सम्पत्ति का क्रय

C. ऋण–पत्रों का निर्गमन

D. माल का नकद विक्रय

Which of the following is not a cash inflow :-

A. Sale of Fixed Assets

B. Purchase of Fixed Assets

C. Issue of debentures

D. Sale of goods for cash

## खण्ड–ब (गैर–वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

## Section-B (Non-Objective Type Quesitons)

### लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type Questions)

प्रश्न संख्या 1 से 25 तक लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। (15x2=30)

Question no. 1 to 25 are Short answer type. Answer any 15 questions. Each question carries 2 marks. (15x2=30)

1. प्राप्ति एवं भुगतान खाता क्या है?

   What is Receipt & Payment Account? 02

2. प्राप्ति एवं भुगतान खाता के दो उद्देश्य बतावें?

   State two objectives of Receipt & Payment A/C. 02

3. साझेदारी संलेख की कोई दो विषय–वस्तु बतायें।

   State any two contents of Partnership deed. 02

4. एक साझेदार के पूँजी खातो के नाम पक्ष में दर्शायी जाने वाली किन्हीं दो मदों की सूची दे, जब पूँजी स्थिर हों।

   List any two items which usually appear on the debit side of partner is capital Account, when the capital is fixed. 02

5. किन परिस्थितियों में एक साझेदारी फर्म का पुनर्गठन हो जाता है?

   State the circumstances on which reconstitutions of partnership firm can take place?

6. त्याग–अनुपात तथा लाभ–प्राप्ति अनुपात में क्या अन्तर है?

What is the difference between sacrifice ratio & gaining Ratio. 02

7. साझेदार के प्रवेश के समय पुनर्मूल्यांकन खाता क्यों तैयार किया जाता है?

Why Revaluation A/C is prepared on admission of a partner? 02

8. एक अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को देय राशि की गणना आप किस प्रकार करेगें?

How would you calculate the amount payable to the retiring partner?

9. मृत्यु की तिथि तक फर्म के लाभ में मृतक साझेदार के हिस्से की गणना की विधियाँ कौन–कौन सी हैं?

What are the methods of calculating deceased partner's share in profit of the firm upto the date of death?

10. कोई दो आधार बतायें जिन पर न्यायालय फर्म के विघटन का आदेश दे सकता है?

State any two basis on which a court can pass order for dissolution of the firm.

11. वसूली खाता तैयार करने के कोई दो-उद्देश्य बतावें।

Give any two objectives of preparing Realisation A/C. 02

12. सरकारी कम्पनी से क्या आशय है?

What is meant by Government Company?

13. प्रीमियम पर निर्गमित अंशों से क्या आशय है?

What is meant by issue of shares at a premium?

14. बट्टे पर अंशों के निर्गमन हेतु कम्पनी आधिनियम, 1956 के दो प्रावधानों को बतायें।

State two provisions of the companies Act, 1956 for the issue of shares at a discount. 02

15. दो उद्देश्यों को बतायें जिनके लिये कम्पनी प्रतिभूति प्रीमियम राशि का उपयोग कर सकती है।

State two purposes for which security premium amount can be used by a company. 02

16. ऋण–पत्र के निर्गमन पर बट्टे का आप कैसे लेखा करेगें?

How would you treat discount on issue of debentures? 02

17. ऋण–पत्र के शोधन के तरीके/उपायों के नाम बतावें।

Name out the ways of redemption of debentures. 02

18. वित्तीय विवरणों के तत्त्व क्या है?

What are the elements of financial statements?

19. वित्तीय विवरणों की सीमायें क्या है?

What are the limitations of Financial Statements? 02

20. वित्तीय विवरण विश्लेषण के दो उद्देश्यों को बतावें।

State two objectives of Financial Statement Analysis? 02

21. तुलनात्मक वित्तीय विवरण के दो उपयोग बतायें।

State the two utility of Comparative financial statement. 02

22. लाभदायकता अनुपात क्या है?

What is profitability Ratio? 02

23. अनुपात विश्लेषण के दो महत्त्व बतायें।

Name the two importance of Ratio-Analysis. 02

24. रोकड़ प्रवाह विवरण के उपयोगों को बतायें।

Explain the uses of cash flow statement. 02

25. संचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह का क्या आशय है?

What is meant by cash flow from operating activities? 02

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

प्रश्न संख्या 26 से 33 तक दीर्घ उत्तरीय हैं। किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। (4x5=20)

Question no. 26 to 33 are Long answer type. Answer any 4 questiions. Each question carries 5 marks. (4x5=20)

26. एक रोटरी क्लब ने अपने खातों को नकद आधार पर रखा हुआ है और गत वर्ष के आकड़े दिये हुए हैं।

वर्ष के लिए प्राप्ति एवं भुगतान खाता बनाइए :–

A Rotary Club has kept its accounts on cash basis and figures for the last year are given below. Prepare Receipts & Payments Account for the year :-

| | | |
|---|---|---|
| प्रवेश शुल्क की प्राप्ति | – | 5,000 |
| चन्दे वर्ष के दौरान पाया | – | 39,600 |
| वर्ष के दौरान पाया | – | 1,200 |
| वर्ष के दौरान व्यय चुकाया | – | 54,500 |
| इस वर्ष का अदत्त व्यय | – | 2,940 |
| बार खाते पर आधिक्य | – | 15,000 |
| सचिव की मानद राशि | – | 3,000 |
| हस्तस्य रोकड़ वर्ष के प्रारम्भ में | – | 4,700 |
| लॉकर किराया प्राप्त हुआ | – | 1,000 |

| | |
|---|---|
| वर्ष के दौरान विनियोग किया लागत पर – | 2,200 |
| Entrance fees received | 5,000 |
| Subscription received during the year | 39,600 |
| Fees received during the year | 1,200 |
| Expenses paid during the year | 54,500 |
| Outstanding Expenses of current year | 2,940 |
| Surplus on Bar Account | 15,000 |
| Secretary's Honorarium | 3,000 |
| Cash in hand in the beginning of year | 4,700 |
| Locker Rent received | 1,000 |
| Investment made during the year on csot | 2,200 |

05

27. प्राप्ति एवं भुगतान खातों से आय–व्यय खाता किस प्रकार बनाया जाता है?

How is Income and Expenditure Account prepared from Receipts and Payments Account? 05

28. A और B एक फर्म में बराबर के साझेदार हैं। इनकी पूँजी 1 जनवरी 2018 को क्रमशः 13000 एवं 11000 हैं। उन्होंने C को ¼ भाग के लिए साझेदार बनाया। यह नया साझेदार पुराने साझेदारों की संयुक्त पूँजी के आधार पर अपनी पूँजी लाया। नये लाभ के अनुसार पुराने साझेदारों की पूँजी को सामयोजित कीजिए।

A and B are equal partners in a firm. On 1st January 2018, their capital respectively are Rs. 13000 and Rs. 11000. They admit C a partner for ¼ share of the firm. This new partner brought his

capital on the basis of the combined capital of A & B. Adjust the old partners capital account according to the new profit sharing ratio. 05

29. अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को किये जाने वाले भुगतान की विधियों का वर्णन कीजिए।

Describe the methods of payment of amount due to a retiring partner?

30. किसी साझेदारी फर्म के विघटन पर आप कौन सी जर्नल प्रविष्टियाँ करेंगें।:–

What Journal entries will you pass in case of dissolution of partnership firm.

31. P तथा Q की फर्म के विघटन के समय विभिन्न सम्पत्तियों (रोकड़ को छोड़कर) तथा दायित्वों को वसूली खाता में हस्तांतरित करने के बाद निम्नलिखित लेन देनों के लिए जर्नल प्रविष्टि कीजिए :–

(1) बैंक ऋण का भुगतान किया रू0 12,000

(2) रू016000 का स्टॉक Q ने लिया1

(3) साझेदार P ने एक लेनदार को रू0 4000 भुगतान किया।

(4) पुस्तकों में न दर्शायी गयी सम्पत्ति को रू0 1200 में बेचा।

(5) विघटन व्यय रू0 2000 साझेदार Q द्वारा भुगतान किया गया।

Pass the necessary Journal entries for the following transactions on the dissolution of the firm of P and Q after the various Assets

(other than cash) and outside liabilities have been transferred to Realisations A/C :-

(i) Bank loan Rs. 12,000 paid.

(ii) Stock worth Rs. 16,000 was taken over by partner Q.

(iii) Partner P paid a creditor Rs. 4,000

(iv) An assets not appearing in the books of account realized Rs.1200.

(v) Expenses of Realisation Rs. 2,000 paid by partner Q. 05

32. एक कम्पनी लागत पर 20% का सकल लाभ कमाती है। इसका उधार विक्रय नकद बिक्री का दो गुना है। यदि उधार विक्रय रू0 4,00,000 है तो कम्पनी के सकल लाभ की गणना कीजिए।

A company earns a gross profit of 20% on cost. Its credit sales are twice its cash sales. If the credit sales are Rs. 4,00,000, Calculate the gross profit of the company. 05

33. अग्र विवरणों से अप्रत्यक्ष विधि द्वारा संचालनों से रोकड़ की गणना कीजिए :–

| | 2017 | 2018 |
|---|---|---|
| | ₹ | ₹ |
| लाभ–हानि खाता | 55,000 | 60,000 |
| देनदार | 25,000 | 31,000 |
| अदत्त किराया | 12,000 | 21,000 |

| | | |
|---|---|---|
| ख्याति | 40,000 | 38,000 |
| पूर्वदत्त बीमा | 4,000 | 2,000 |
| लेनदार | 13,000 | 19000 |

Compute the "Cash from operating activities" by Indirect Method from the following details:-

| | 2017 | 2018 |
|---|---|---|
| | ₹ | ₹ |
| Profit and Loss account | 55,000 | 60,000 |
| Debtors | 25,000 | 31,000 |
| Outstanding rent | 12,000 | 21,000 |
| Goodwill | 40,000 | 38,000 |
| Prepaid Insurance | 4,000 | 2,000 |
| Creditors | 13,000 | 19,000 |